Mahendra's Daily Current Affairs: 05.11.2020

1-The eighth meeting of the India-UAE High-Level Joint Task Force on Investments was hosted by India, in virtual format.

भारत ने आभासी प्रारूप में निवेश के बारे में भारत-संयुक्त अरब अमारात उच्च स्तरीय संयुक्त कार्यदल की आठवीं बैठक की मेज़बानी की।

2-India and the GCC Troika held their annual Political Dialogue in virtual mode.

भारत और जीसीसी ट्रोइका ने अपनी वार्षिक राजनीतिक वार्ता को आभासी प्रारूप में आयोजित किया।

3-Senior bureaucrat Sanjay Malhotra was appointed the Chairman and Managing Director of REC Ltd.

वरिष्ठ नौकरशाह संजय मल्होत्रा को आरईसी लिमिटेड का चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

4-Mr. Duarte Pacheco of Portugal has been elected the new President of Inter Parliamentary Union (IPU) for the period 2020-2023.

पुर्तगाल के श्री दुआर्ते पचीको को **2020-23** की अवधि के लिए अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) का नया अध्यक्ष चुना गया है।

5-Environment Minister Prakash Javadekar has said that the Panna Tiger Reserve in Madhya Pradesh has now been declared a UNESCO biosphere reserve.

पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पन्ना टाइगर रिजर्व को अब यूनेस्को के बायो स्फेयर रिजर्व के रूप में घोषित किया गया है।

6-Haryana Deputy Chief Minister Dushyant Chautala said the state government has decided to give exemption in electricity duty for 20 years under the Haryana Enterprises and Employment Policy 2020 (HEEP) to attract more industries in the state.

हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में अधिक उद्योगों को आकर्षित करने के लिए हरियाणा उपक्रम और रोजगार नीति (एचईईपी) **2020** के तहत बिजली शुल्क में **20** साल की छूट देने का निर्णय किया है।

7-Kerala government to set up own milk powder factory with the support of NABARD.

केरल सरकार नाबार्ड के सहयोग से खुद का मिल्क पाउडर कारखाना स्थापित करेगी।

8-The Ladakh administration will be setting up a snow ski institute along with other adventure sports facilities in Kargil district similar to Gulmarg's Institute of Skiing and Mountaineering (IISM) to promote winter sports in the Union Territory.

लद्दाख प्रशासन इस केंद्र शासित प्रदेश में शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए गुलमर्ग के इंस्टीट्यूट आफ स्कीइंग एवं माउंटेनियरिंग (आईआईएसएम) की तरह करगिल जिले में भी स्नो स्की इंस्टीट्यूट के अलावा अन्य साहसिक खेल सुविधाएं स्थापित करेगा।

9-Veteran director Hariharan has been honoured with the prestigious JC Daniel Award for his "outstanding contribution to Malayalam cinema.

नामी निर्देशक हरिहरन को मलयालम सिनेमा में उनके शानदार योगदान के लिए जे सी डेनियल पुरस्कार मिला है।

10-The legendary violinist T.N. Krishnan passed away in Chennai. He was 92.

जानेमाने वायलिन वादक टी.एन. कृष्णन का चेन्नई में निधन हो गया। वह **92** वर्ष के थे।